Title: Need to run Maurya Express thrice a week via Narkatia Ganj and extend Chaura-Chori Express up to Raxaul in Bihar.*

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान उत्तरी बिहार में रेल सेवा को और बेहतर और जनता द्वारा अधिक से अधिक प्र ायोग किये जाने की तरफ दिलाना चाहता हूं। मौर्या एक्सप्रेस गोरखपुर से हटिया वाया नरकटियागंज को सप्ताह में तीन दिन चलाया जाये एवं चौरा चोरी एक्सप्रेस को रक्सौल तक बढ़ाया जाये। इन दोनों मार्ग पर रेल में सफर करने वाले यात्रियों की काफी मांग है एवं ब्राडगेज बनने के बाद इन मार्गों पर इन उपरोक्त दोनों उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। इन दोनों मार्गों पर रेल यातायात अधिक होने के कारण ब्रॉडगेज बनाया गया था। इसकी मांग बराबर होती रही है परन्तु अभी तक कोई कार्य वाही नहीं हुई है जिसका अत्यंत खेद है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मौर्या एक्सप्रेस को वाया नकटिया गंज सप्ताह में तीन दिन चलाया जाये एवं चौरा चोरी एक्सप्रेस को रक्सौल तक बढ़ाया जाये।